**बिहार सरकार**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**E-Mail संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (7) अपील–09/2025..7245.. पटना, दिनांक :– 02/12/2025**

## आदेश

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश ज्ञापांक 4027 दिनांक 15.07.2025 के विरुद्ध अपीलार्थी मो0 एजाज अहमद (Emp. ID No.- AEN13411), संविदा समाप्त विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, नवादा द्वारा "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 एवं संशोधन नियमावली, 2022 के नियम–8 (4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत प्रस्तुत अपील दायर किया गया है।

निर्धारित तिथि एवं समय पर अपील की सुनवाई की गयी।

उभय पक्ष उपस्थित।

अपीलार्थी का वाद संक्षिप्त रूप में निम्नवत है :–

बंदोबस्त पदाधिकारी, नवादा के पत्रांक 291 दिनांक 28.08.2024 द्वारा मो0 एजाज अहमद, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN13411) के विरूद्ध लगातार शिविर कार्यालय से अनुपस्थित है, जिसके कारण इन्हें आवंटित मौजा का कार्य बाधित है। साथ ही प्रतिवेदित किया गया था कि शिविर कार्यालय द्वारा मांगे गये स्पष्टीकरण का जबाब भी इनके द्वारा नहीं दिया गया है। फलस्वरूप सर्वेक्षण जैसे कार्यो में लापरवाही, स्वेच्छाचारिता, अनुशासनहीनता एवं वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना करने के आलोक में कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की गयी थी।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में निदेशालय पत्रांक 13682 दिनांक 09.09.2024 द्वारा इनसे 07 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग इस शर्त्त के साथ की गयी थी कि निर्धारित अवधि तक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में संविदा समाप्ति संबंधी एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। इतने स्पष्ट निदेश के बावजूद भी इनके द्वारा प्रतिउत्तर समर्पित नहीं किया गया। स्पष्टीकरण अप्राप्त रहने की स्थिति में पुनः निदेशालय पत्रांक 13953 दिनांक 04.10.2024 द्वारा इन्हें एक अवसर देते हुए 07 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी, इसके बावजूद भी इनके द्वारा निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण समर्पित न कर डेढ़ माह बाद स्पष्टीकरण समर्पित किया गया।

स्पष्टीकरण में इनके द्वारा उल्लेख किया गया कि अगस्त, 2024 से ये टाईफाईड एवं आंत में सूजन तथा पेशाब की नली में संक्रमण से पीड़ित हैं। साथ ही चिकित्सीय साक्ष्य संलग्न करते हुए स्पष्टीकरण से मुक्त करने का अनुरोध किया गया है। प्राप्त स्पष्टीकरण पर निदेशालय पत्रांक 154 दिनांक 08.01.2025 द्वारा बंदोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गयी। बंदोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 225–।। दिनांक 25.04.2025 द्वारा मंतव्य में अपीलार्थी को चयन मुक्त करने की अनुशंसा की गयी।

बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित आरोप, प्राप्त मंतव्य एवं अनुशंसा के आलोक में निदेशालय आदेश संख्या 4027 दिनांक 15.07.2025 द्वारा अपीलार्थी का संविदा समाप्त किया गया है।

लगाए गए आरोप के संबंध में अपीलार्थी का कथन है कि अत्यधिक बिमार रहने के कारण ये अपने कर्त्तव्य पर उपस्थित नहीं हो पाए एवं प्राप्त स्पष्टीकरण का जबाब नहीं दे पाए थे, जिसके लिए इनके द्वारा क्षमा याचना की गयी है एवं भविष्य में इस तरह के कृत्य की पुनरावृति नहीं करने की बात कही गयी है।

संविदा समाप्ति हेतु लगाए गए आरोप, अपीलार्थी का कथन एवं साक्ष्य प्रदर्श के विवेचना की गयी है। विवेचनोपरांत चिकित्सीय साक्ष्य के अवलोकन से स्पष्ट है कि ये बिमार थे, परन्तु इसकी सूचना इन्हें नियंत्री पदाधिकारी को दी जानी चाहिए थी। इस भूल के लिए इनके द्वारा क्षमा याचना की गयी है, इसके दृष्टिगत इन्हें एक अवसर दिया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः उक्त विवेचना के आलोक में निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप द्वारा निर्गत आदेश संख्या–4027 दिनांक–15.07.2025 को निरस्त किया जाता है एवं अपीलार्थी के अनुपस्थित अवधि को No Work No Pay मानते हुए बंदोबस्त कार्यालय में योगदान की तिथि से इनको संविदा में पुर्ननियोजित किया जाता है।

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

**ज्ञापांक :–** 03/भू0अ0नि0 (7) अपील–09/2025...7245... **पटना, दिनांक :–** 02/12/2025

**प्रतिलिपि :–** निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**ज्ञापांक :–** 03/भू0अ0नि0 (7) अपील–09/2025...7245... **पटना, दिनांक :–** 02/12/2025

**प्रतिलिपि :–** मो0 एजाज अहमद (Emp. ID No.- AEN13411), संविदा समाप्त विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, नवादा को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

01/12/25

**सरकार के उप सचिव**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक :–** 03/भू0अ0नि0 (7) अपील–09/2025...7245... **पटना, दिनांक :–** 02/12/2025

**प्रतिलिपि :–** बंदोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, नवादा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

01/12/25

**सरकार के उप सचिव**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक :–** 03/भू0अ0नि0 (7) अपील–09/2025...7245... **पटना, दिनांक :–** 02/12/2025

**प्रतिलिपि :–** प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं निदेशालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

01/12/25

**सरकार के उप सचिव**
भू–अभिलेख एवं परिमाप